Python Robotics & AI
JAVA Comp. Applications
Experts' Institute 8-D, Kutchery Road. Ph:9415368884
EXPERTS' INSTITUTE

# FINAL EXAMINATION : 2024-2025
## CLASS : IX
## SUBJECT : HINDI

NAME OF STUDENT : ........ MAX. MARKS : 80
DATE : ............................ TIME : 3 HOURS

..........................................................................................................................

**NOTE :** You will not be allowed to write during the first 15 minutes. This time is to be spent in reading the question paper. The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers .

This paper comprises of two sections – Section 'A' and Section 'B'. Attempt all the questions from Section 'A' . Attempt any four questions from Section 'B'. Answering at least one of the questions each from the two parts of the book Gadya and Kavya you have studied and any two other questions.

### Section 'A' (40 Marks)
### ( Attempt all questions)

प्रश्न. 1. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 250 शब्दों में एक संक्षिप्त लेख लिखिए। (15)

i. परोपकार का अर्थ व महत्त्व बताते हुए स्पष्ट कीजिए कि परोपकार मानव का सबसे बड़ा धर्म है।

ii. वृक्षों का महत्त्व बताते हुए वृक्षारोपण की आवश्यकता को स्पष्ट कीजिए।

iii. प्रातः कालीन भ्रमण से क्या-क्या लाभ हैं ? क्या आप प्रातः काल भ्रमण के लिए जाते हैं ? बताइए कि प्रातः काल का दृश्य कैसा होता है ?

iv. 'असफलता ही सफलता का आधार है '– विषय के पक्ष या विपक्ष में अपने विचार प्रकट कीजिए ।

v. एक कहानी लिखिए जिसका आधार निम्नलिखित उक्ति हो –'मन के हारे हार है, मन के जीते जीत '।

प्रश्न.2. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए। (7)

i. आपका छोटा भाई छात्रावास में रहता है। उसे पत्र लिखकर सलाह दीजिए कि छात्रावास के जीवन का पूरा लाभ कैसे उठाया जा सकता है।

ii. अपने नगर के स्वास्थ्य-अधिकारी को पत्र लिखिए, जिसमें आपके क्षेत्र में फैली गंदगी तथा उसके दुष्परिणामों की ओर ध्यान आकर्षित कीजिए।

प्रश्न .3. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए। उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए।

एक गाँव के रास्ते में एक दिन एक लंगड़ा व्यक्ति बैठा था। भयानक गर्मी पड़ रही थी और अपनी लाठी टूट जाने के कारण उससे ठीक से चला नहीं जा रहा था। कोई गाड़ी मिल जाती तो मुझे अपने गाँव पहुँचा देती, इस आशा से बैठा वह किसी गाड़ी की बाट देख रहा था। इतने में वहाँ एक गाड़ी आई। उसमें बैठाने के लिए उसने प्रार्थना की। परन्तु गाड़ीवान ने भाड़ा माँगा। उसके पास कुछ नहीं था, इसलिए वह नहीं जा सका। बहुत देर तक दूसरी गाड़ी के न आने के कारण वह एक वृक्ष के नीचे आकर बैठ गया और उसकी आँख लग गई। थोड़ी देर बाद उसकी आँख खुली तो देखता है कि पानी बरस रहा है और उसके ऊपर किसी ने कपड़ा ओढ़ा दिया है तथा पास ही एक बालक टूटी हुई लाठी को रस्सी से बाँधकर उसे काम के योग्य बना रहा है। यह देखकर लंगड़े ने उस लड़के से पूछा, " अरे भले लड़के, तू क्यों बिना कपड़े के बैठा है और मेरे ऊपर अपने कपड़े को तुमने क्यों डाल दिया है ?"

Python Robotics & AI
JAVA Comp. Applications
Experts' Institute 8-D, Kutchery Road. Ph:9415368884
EXPERTS' INSTITUTE

बालक ने जवाब दिया, " मैं इधर से जा रहा था, इतने में मैंने तुमको पानी में भीगते देखा। तुम गहरी नींद में सो रहे थे। वर्षा से भीगने पर तुम्हारी नींद खुल जाती, यह बात मुझे अच्छी नहीं लगी। इसके अलावा तुम बूढ़े हो और सर्दी लगने से बीमार पड़ जाते इसलिए मैंने अपना कोट उतारकर तुम्हारे ऊपर डाल दिया। मैं बालक हूँ, इसलिए बिना कपड़े के रह सकता हूँ। तुम्हारी लाठी टूटी देखकर इसे बाँध रहा हूँ। यहाँ से थोड़ी दूर पर मेरा गाँव है, वहाँ तुम मेरे साथ चलोगे तो मैं अपने पिता की नई लाठी दिला दूँगा। उस बालक की यह बात सुनकर उस आदमी ने दाँतों तले ऊँगली दबा ली और तभी उसकी आँखों से एकाएक आँसू गिरने लगे।यह देखकर लड़के ने उस लंगड़े आदमी से पूछा, " तुम क्यों रो रहे हो ?" यह सुनकर लंगड़ा बोला, " मेरा लड़का भी तुम्हारी तरह भला था और तुम्हारी जैसी मधुर वाणी थी। वही मुझ अंधे की लाठी था। पाँच वर्ष हुए, जहाज़ पर नौकरी करने गया था। अब वह कहाँ होगा, यह याद करके रोता हूँ।

i. गाड़ी का इंतजार कौन कर रहा था और क्यों ? (2)

ii. बालक ने अपना कोट किसे और क्यों ओढ़ा दिया ? (2)

iii. वह लड़का उन्हें अपने गाँव क्यों ले जाना चाहता था ? (2)

iv. वह आदमी कब और क्यों रोने लगा ? (2)

v. बालक के बारे में अपने विचार लिखिए। (2)

प्रश्न .4 . निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए - (8)

i. ' सौभाग्य ' का विलोम शब्द बताइए -

a) दूरभाग  b) दूरुभागय
c) दुर्भाग्य  d) दुभाग्य

ii. ' पुत्री ' का पर्यायवाची शब्द बताइए -

a) सुत  b) आत्मज
c) सुता  d) श्रुति

iii. ' अमर ' की भाववाचक संज्ञा बताइए -

a) आमरत्वा  b) अमारत्य
c) अमरत्व  d) आमर्ता

iv. ' हितेषी ' का शुद्ध रूप बताइए -

a) हीतैषी  b) हितैषी
c) हितेसी  d) हितकारी

v. ' भूख ' का विशेषण बताइए -

a) भूखा  b) प्यासा
c) प्यास  d) पेट

vi. ' पत्थर की लकीर ' मुहावरे का अर्थ बताइए -

a) पक्की बात  b) कच्ची बात
c) अच्छी बात  d) खराब बात

vii . ' अचानक होने वाली घटना ' वाक्यांश के लिए एक शब्द बताइए -

a) आकस्मिक  b) पारस्परिक
c) हर समय  d) आकसमीक

viii. रीता खाना खा चुकी। ( वर्तमान काल में बदलिए।)

a) रीता खाना खा रही थी।  b) रीता खाना खायेगी।
c) रीता खाना खाती थी।  d) रीता खाना खा रही है।

Python Robotics & AI
JAVA Comp. Applications
Experts' Institute
8-D, Kutchery Road, Ph:9415368884
EXPERTS' INSTITUTE

## Section 'B' 40 Marks

( Attempt any four questions )

### साहित्य सागर ( गद्य-भाग )

प्रश्न. 5 . निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

बालक फिर आँखों से बोलकर मूक खड़ा रहा। आँखें मानो बोलती थीं - ' यह भी कैसा मूर्ख प्रश्न है। '

अपना-अपना भाग्य
लेखक - जैनेन्द्र कुमार

i अपने परिवार के बारे में बालक ने क्या बताया ? (2)

ii लेखक को बालक की किस बात को सुनकर अचरज हुआ ? (2)

iii किस प्रश्न को सुनकर बालक मूक खड़ा रहा ? उसकी आँखों ने क्या कह दिया? (3)

iv लेखक और उसका मित्र बालक को कहाँ ले गए और क्यों ? (3)

प्रश्न. 6 . ' वह एक सीधा-सादा देहाती गृहस्थ का मकान था, किन्तु आनंदी ने थोड़े ही दिनों में अपने आपको इस नई परिस्थिति के ऐसा अनुकूल बना लिया, मानो विलास के सामान कभी देखे ही न थे।'

बड़े घर की बेटी
लेखक - प्रेमचंद

i. सीधा-सादा गृहस्थ ' - से किसकी ओर संकेत किया गया है? उसका परिचय दीजिए। (2)

ii. आनंदी के पिता उसके विवाह को लेकर किस प्रकार के धर्म संकट में थे ? (2)

iii. आनंदी और लालबिहारी की तकरार किस बात पर शुरू हुई ? (3)

iv. आनंदी के मैके और ससुराल के वातावरण में क्या अंतर था ? (3)

प्रश्न. 7 . ' रसीला ने तुरंत अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उसने कोई बहाना नहीं बनाया।'

बात अठन्नी की
लेखक - सुदर्शन

i. रसीला का मुकदमा किस की अदालत में पेश हुआ ? उनका परिचय दीजिए। (2)

ii. रसीला का क्या अपराध था ? उसने उसे तुरंत स्वीकार कर लिया, इससे उसके चरित्र की किस विशेषता का पता चलता है ? (2)

iii. रसीला क्या-क्या बहाने बनाकर अपने को बेकसूर साबित कर सकता था, पर उसने ऐसा क्यों नहीं किया ? (3)

iv. रसीला को कितनी सज़ा हुई ? न्याय व्यवस्था पर टिप्पणी कीजिए। (3)

### साहित्य सागर ( पद्य-भाग )

प्रश्न. 8 . बूढ़े पीपल ने आगे बढ़कर जुहार की
' बरस बाद सुधि लीन्हीं '
बोली अकुलाई लता ओट हो किवार की ,
हरसाया ताल लाया पानी परात भर के ।
मेघ आए बड़े बन-ठन के सँवर के ।

मेघ आए
कवि - सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

i. मेघों के आगमन पर पीपल ने क्या किया ? उसके लिए 'बूढ़े' शब्द का प्रयोग क्यों किया गया है ? (2)

ii. लता ने मेघों के आगमन पर उनसे क्या कहा और कैसे ? (2)

iii. उपर्युक्त पंक्तियों में 'पीपल' , 'लता' और 'ताल' शब्दों का प्रयोग कवि ने किस-किस के प्रतीक के रूप में किया है ? (3)

iv. उपर्युक्त पंक्तियों का भावार्थ स्पष्ट कीजिए। (3)

प्रश्न .9 . धर्मराज यह भूमि किसी की
नहीं क्रीत है दासी
है जन्मना समान परस्पर
इसके सभी निवासी।
सबको मुक्त प्रकाश चाहिए
सबको मुक्त समीरण
बाधा रहित विकास, मुक्त
आशंकाओं से जीवन।

स्वर्ग बना सकते हैं

कवि - रामधारी सिंह 'दिनकर'

i. कौन किसे उपदेश दे रहा है ? वक्ता ने उसे धर्मराज क्यों कहा है ? (2)

ii. उपर्युक्त पंक्तियों में ' भूमि ' के संबंध में क्या कहा गया है तथा क्यों ? (2)

iii. कवि के अनुसार मानवता के विकास के लिए क्या-क्या आवश्यक है ? (3)

iv. उपर्युक्त पंक्तियों द्वारा कवि ने क्या संदेश दिया है ? (3)

प्रश्न. 10 . ऊँचा खड़ा हिमालय, आकाश चूमता है,
नीचे चरण तले पड़, नित सिन्धु झूमता है ।
गंगा, यमुना, त्रिवेणी, नदियाँ लहर रही हैं,
जगमग छटा निराली, पग-पग पर छहर रही हैं।
वह पुण्यभूमि मेरी, वह स्वर्णभूमि मेरी।
वह जन्मभूमि मेरी, वह मातृभूमि मेरी।।

वह जन्मभूमि मेंरी

कवि - सोहनलाल द्विवेदी

i. कवि ने त्रिवेणी शब्द का प्रयोग किस लिए किया है ? त्रिवेणी कहाँ हैं तथा वहाँ कौन-कौन-सी नदियाँ आकर मिलती हैं ? (2)

ii. कवि ने भारत को ' पुण्यभूमि ' और 'स्वर्णभूमि ' के विशेषणों से क्यों संबोधित किया है ? (2)

iii. कवि ' हिमालय ' और ' सिन्धु ' के संबंध में क्या कल्पना करता है ? (3)

iv. शब्दार्थ लिखिए - सिन्धु , नित, निराली, पुण्यभूमि, मातृभूमि, स्वर्णभूमि। (3)

END

Python Robotics & AI
JAVA Comp. Applications
Experts' Institute 8-D, Kutchery Road. Ph:9415368884
EXPERTS' INSTITUTE